तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025



13 बच्चे जेब खर्च की राशि बचाकर करते हैं मंदिर की...





14 श्री राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर हुई विशेष...






## खबर संक्षेप

### भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** शनिवार को हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विशेष पूजन अर्चन आरती व भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से पुलिस के जवानों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की, उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। नगर सहित आस पास के ग्रामों में भंडारे व प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया। नगर के विवेकानंद चौक स्थित हनुमान जी बाला जी के मंदिर में विशेष पूजन अर्चन व हवन पूजन किया गया। भक्तों को शरबत व प्रसादी का वितरण किया गया। पुराने अस्पताल के पास स्थित हनुमानजी के मंदिर व संजय नगर आदि स्थानों पर भी विशेष कार्यक्रम हुए। हनुमानजी के भक्तों ने नगर को तोरण पताको से सजाया था। विवेकानंद चौक पर सुबह से ही भक्त समुदाय के द्वारा राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। हनुमानजी के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विविध स्थानों पर विविध कार्यक्रम भी हुए।

### ग्राम फुण्डा में माता कर्मा महोत्सव आज

**बालोद/कलंगपुर।** कलंगपुर परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन 13 अप्रैल को ग्राम फुण्डा में किया जाएगा। हिमेन्द साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. मानसिंह सार्वा करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 8 से 11 अप्रैल तक 9 नगरीय निकाय सहित 436 ग्राम पंचायतों में लिए गए आवेदन

# सुशासन तिहार : पहले चरण में मांगों, समस्याओं व शिकायतों से संबंधित 1,24,157 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में सुशासन तिहार के प्रथम चरण के 4 दिनों में कुल 1,24,157 आवेदन प्राप्त हुए। जिले में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के 9 नगरीय निकाय सहित 436 ग्राम पंचायतों में आवेदन लिए गए। जिले के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी स्तर पर लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन सौंपा। इस दौरान 5 जनपद पंचायतों के 436 ग्राम पंचायतों, 2 नगर पालिका, 7 नगर पंचायत के अंतर्गत 436 ग्रामों में 840 वार्ड में आफलाईन माध्यम से 120275 मांगें प्राप्त हुईं वहीं 2794 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इस तरह आफलाईन माध्यम से कुल 123069 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, ऑनलाईन माध्यम से मांग के 942 आवेदन, शिकायत के 146 आवेदन कुल 1088 ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार ऑफलाईन व ऑनलाईन से कुल 124157 आवेदन प्राप्त हुए।

- विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाने के साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन लिए गए

इनमें से जनपद पंचायत बालोद अंतर्गत 60 ग्राम पंचायत के 89 ग्रामों से ऑफलाईन माध्यम से मांग के 20123 आवेदन, शिकायत के 299 आवेदन कुल 20422 आवेदन प्राप्त हुए, इसमें एक भी ऑनलाईन आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत 77 ग्राम पंचायत के 120 ग्रामों से ऑफलाईन माध्यम से मांग के 28318 आवेदन, शिकायत के 585 आवेदन कुल 28903 आवेदन प्राप्त हुए। यहां भी ऑनलाईन आवेदन प्राप्त नहीं हुए। जनपद पंचायत गुण्डरदेही के 117 ग्राम पंचायतों के 159 ग्रामों से आफलाईन माध्यम से 31185 आवेदन, शिकायत के 706 आवेदन कुल 31891 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाईन माध्यम से मांग के 942 आवेदन, शिकायत 146 आवेदन कुल 1088 आवेदन प्राप्त हुए इस प्रकार यहां कुल 32979 आवेदन प्राप्त हुए। जनपद पंचायत डौण्डी के अंतर्गत 62 ग्राम पंचायत के 116 ग्रामो से ऑफलाईन माध्यम से मांग 13878 आवेदन, शिकायत के 311 आवेदन कुल 14189 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे एक भी ऑनलाईन आवेदन प्राप्त नही हुए।



### नगरीय निकायों में आवेदन की स्थिति

नगर पालिका बालोद में 20 वार्ड से ऑफलाईन माध्यम से 525 मांग आवेदन, शिकायत के 104 आवेदन कुल 629 आवेदन प्राप्त हुए। ऑनलाईन माध्यम से एक भी आवेदन प्राप्त नही हुए। नगर पालिका दल्लीराजहरा के 27 वार्ड से ऑफलाईन माध्यम से मांग के 1524 आवेदन, शिकायत के 79 आवेदन कुल 1603 आवेदन प्राप्त हुए आवेदन के एक भी आवेदन प्राप्त नही हुए। नगर पंचायत गुरूर के 15 वार्ड से ऑफलाईन माध्यम से मांग के 792 आवेदन, शिकायत के 4 आवेदन कुल 796 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत पलारी के 15 वार्ड मे ऑफलाईन माध्यम से मांग के 1523



आवेदन, शिकायत के 42 आवेदन कुल 1565 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत गुण्डरदेही के 15 वार्ड मे ऑफलाईन माध्यम से मांग के 1089 आवेदन, शिकायत के 49 आवेदन कुल 1138 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत अर्जुन्दा के 15 वार्ड अंतर्गत ऑफलाईन माध्यम से आफलाईन माध्यम से मांग के 737 आवेदन, शिकायत के 35 आवेदन कुल 772 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा 15 वार्ड अंतर्गत ऑफलाईन माध्यम से मांग के 1418 आवेदन, शिकायत के 21 आवेदन कुल 1439 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत डौण्डी के 15 वार्ड अंतर्गत ऑफलाईन माध्यम से मांग के 304 आवेदन, शिकायत के 46 आवेदन कुल 350 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत चिखलाकसा के 15 वार्ड अंतर्गत आफलाईन माध्यम से मांग के 670 आवेदन, शिकायत के 15 आवेदन कुल 685 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत के अंतर्गत कोई भी ऑनलाईन आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

# लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठाया, रास्ते में की लूटपाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/दल्लीराजहरा

पुलिस टीम ने लूट के दो आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने प्रार्थी को लिफ्ट देकर सुनसान जगह पर ले जाकर चाकू दिखाकर लूट को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू, वाहन एवं मोबाइल को जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध जिला दुर्ग एवं बालोद के विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध हैं। मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर शासकीय विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रार्थी 9 अप्रैल को जगदलपुर से कुसुमकसा घर जा रहा था। रात्रि लगभग 10 बजे अटल चौक चिखलाकसा में खड़ा था। उसी ▶▶ शेष पेज 12 पर

- काम नहीं आई लुटेरों की होशियारी, पुलिस की सक्रियता से 24 घंटे में धरे गए

### पीड़ित से दूसरे के खाते में ट्रांसफर करवाए रुपए

आरोपियों की पता तलाश के लिए प्रार्थी के मोबाईल नंबर से लोकेशन लिया गया और स्टेटमेंट के आधार पर 1500 रूपये सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा पद्मनाभपुर जिला दुर्ग के खाता धारक सुनील मिश्रा के खाता में ट्रांजेक्शन होना पाया गया। इस पर पुलिस ने खाता धारक सुनील मिश्रा से उसके खाते में 1500 रूपये के ट्रांजेक्शन होने के संबंध में पूछताछ की। तब उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा प्रार्थी के मोबाईल फोन का इस्तेमाल कर सुनील मिश्रा को फोन कर आपके खाते में गलत ट्रांजेक्शन हो गया है। वह पैसा वापस कर दो कहने व आरोपी द्वारा प्रार्थी के मोबाईल से अग्रवाल मिष्ठान भंडार इंदिरा मार्केट के क्यू आर कोड भेज कर 1500 रूपये वापस कराए थे। वहीं, आरोपी द्वारा उक्त रकम अग्रवाल मिष्ठान भंडार से नगदी 1500 रूपये प्राप्त किए थे। तब तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से अग्रवाल मिष्ठान भंडार दुर्ग का पता कर उसके दुकान में पहुंचकर 1500 रूपये टंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि उक्त रकम को मिनाक्षी नगर बोरसी निवासी आरोपी विक्की साहू पिता सुनील साहू द्वारा वापस कराने पर उसे वापस देना बताया। इस पर विक्की साहू की पता तलाशी शुरू की गई, जो इंदिरा मार्केट में स्कूटी पर घूमता मिला। उसे घेराबंदी कर पकड़ने के बाद अभिरक्षा में पूछताछ की गई। इस पर आरोपी विक्की साहू ने अपने दोस्त राजा उर्फ रंजीत सिंह के बारे में जानकारी दी, जिसे खुर्सीपार भिलाई क्षेत्र से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम 2000 रूपये, एक वन प्लस मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू व वाहन क्रमांक सीजी 04 एलवी 3061 को जब्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।




# भिलाई इस्पात संयंत्र और अक्षय पात्र फाउंडेशन भिलाई के बीच हुआ एमओयू

## समझौता से दुर्ग जिला के 25 हजार स्कूली विद्यार्थियों को होगी मध्यान्ह भोजन की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) के बीच मध्यान्ह भोजन आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष(टीएपीएफ) व्योमपाद दासा ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, उप-महाप्रबंधक राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एसके कामड़े भी उपस्थित थे। इस नवीनीकृत समझौते के अंतर्गत दुर्ग जिले के सरकारी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में अध्ययनरत लगभग



25 हजार बच्चों को प्रतिदिन पोषक मध्याह्न भोजन प्रदान किया जाएगा। बीएसपी और टीएपीएफ के मध्य यह समझौता 31 मार्च 2028 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान बीएसपी का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग वार्षिक लगभग 2 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षों में भी भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आधुनिक रसोईघर निर्माण तथा भोजन आपूर्ति हेतु विशेष रूप से वाहन क्रय करने में सहायता अक्षय पात्र फाउंडेशन को प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना, जिसे पूर्व में मध्याह्न भोजन योजना के रूप में जाना जाता था, एक केंद्र प्रायोजित पहल है, जिसके अंतर्गत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अक्षय पात्र फाउंडेशन भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत गठित एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट है। यह फाउंडेशन वर्ष 2008 से भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से सेक्टर-6, भिलाई स्थित ओल्ड डेयरी बिल्डिंग से मध्यान्ह भोजन योजना संचालित कर रहा है। पूर्व से ही सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विशेषकर दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में बच्चों में पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में गिफ्ट-मिल्क स्कीम आदि जैसे कई पहल किये गए हैं, जिससे शिक्षा में उनकी नियमितता और एकाग्रता को भी बढ़ावा मिले। यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**खबर संक्षेप**

### च्वाइस सेंटर संचालक ने की बुजुर्ग से ठगी

**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ च्वाइस सेंटर के संचालक द्वारा ठगी करने का मामला सामने आया है। फरियादी ने घटना की लिखित में शिकायत छावनी पुलिस से की है। रविदास दास नगर कैम्प 2 निवासी भजन



सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एसबीआई कैम्प 2 के पास च्वाइस सेंटर संचालित है। जिसका मालिक सुनील कुमार है। सुनील ने वृद्ध को झांसे में लेकर एक लाख रुपए जमा करने पर प्रतिमाह 1500 रुपए ब्याज देने की बात कही थी।

एक लाख रुपए जमा करने के बाद दो माह तक रकम निकालकर भी दी गई। उसके बाद सुनील ने रकम देना बंद कर दिया। इससे परेशान होकर भजन सिंह ने लगातार उसे फोन किए तो उसने 10-10 हजार कर कुल 40 हजार रुपए लौटा दिए। लेकिन 60 हजार रुपए अब तक च्वाइस सेंटर संचालक सुनील ने नहीं लौटाए हैं। भजन सिंह की उम्र 75 साल है। वह अपनी बेटी पर आश्रित है। इनका भरण पोषण करने वाला कोई नहीं है। भजन सिंह ने बताया कि छावनी पुलिस ने बिना बयान के पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध कायम किया है। जबकि उनका बयान तक पुलिस ने नहीं लिया है।

भिलाई-चरोदा नगर निगम का है मामला


# 10 वर्षों से अधूरी पड़ी जलावर्धन योजना, 20 हजार लोग प्यासे, शो-पीस बनी 17 लाख की पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा के तीन वार्डों में पिछले 10 वर्ष से 20 हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है।हालात यह है कि हर वर्ष जनता पेयजल संकट की समस्या की गुहार अफसर से लेकर पार्षद से लगाती है। लेकिन उसके बाद भी पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। उधर भिलाई-चरोदा निगम के अधिकारियों ने जलावर्धन योजना के तहत 17 लाख रुपए की लागत से टंकी का निर्माण रेलवे क्षेत्र में उनके विभाग से एनओसी लिए बिना कर दिया। जिसके बाद रेलवे विभाग ने आपत्ति लेकर काम रुकवा दिया। इस वजह से भी वहां पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। हालात यह है कि वर्ष 2015 में शुरू हुई जलावर्धन योजना आज तक पूरी नहीं हुई है। वहीं जनता गर्मी के दिनों में उनकी प्यास बुझाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन उसके बाद भी जनता को पानी के संकट से निजात नहीं मिल पाई है।

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में गर्मी के दौरान पेयजल समस्या की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसको लेकर जलावर्धन योजना की भी पोल खुल गई है। यहां के तीन वार्ड 31, 32 व 33 में सागर पारा, बस्ती वार्ड, शिवमंदिर वार्ड के लोगों को हर वर्ष गर्मी में पेयजल के लिए तरसना पड़ता है। भिलाई-चरोदा निगम के अधिकारियों की लापरवाही का हरजाना तीनों वार्ड के रहवासियों को भुगतना पड़ा रहा है। जलावर्धन योजना के लिए रेलवे क्षेत्र में 17 लाख रुपए की टंकी का निर्माण किया गया। लेकिन रेलवे विभाग की बिना एनओसी के निर्माण किया जा रहा था। रेलवे अफसरों ने आपत्ति लेकर काम बंद करा दिया। उस समय से लेकर अब तक पेयजल की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। वार्ड पार्षद समेत कई जनप्रतिनिधियों ने रेलवे डीआरएम दफ्तर के चक्कर काटे पर पेयजल की समस्या दूर नहीं हो पाई। अब जब पेयजल समस्या को दूर करने निगम कार्यालय वार्ड के रहवासी और पार्षद पहुंचते हैं, तो उन्हें दूसरे जगह पर नई टंकी निर्माण करने स्थल चयन करने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। जल आवर्धन का काम 40 वार्डों में पूरी तरह फेल हो चुका है। इसके बाद भी देवबलौदा में नई टंकी के निर्माण को लेकर अब तक किसी भी प्रकार की सुगबुगाहट नहीं होने से वार्ड के रहवासियों में आक्रोश है। भिलाई-चरोदा में कुल 14 टंकी बननी थी, लेकिन 13 ही बन पाई। देवबलौदा के लोग पेयजल के लिए सिरसा वार्ड के भरोसे रहना पड़ रहा है।

**सागर पारा, शिव मंदिर, बस्ती वार्ड**



**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| तीनों वार्डों की जनसंख्या | 20 हजार |
| मतदाता | 8 हजार |
| जलावर्धन योजना | 2015 में शुरु हुई |

**योजना पूरी होने से लोगों को होगी सुविधा**



भिलाई-चरोदा जल आवर्धन योजना का काम वर्ष 2015 में शुरु हुआ था। लेकिन इसे पूर्ण दिसंबर 2016 तक किया जाना था। दस साल बीतने के बाद भी योजना दम तोड़ती दिख रही है। अब तक योजना का काम अधूरा पड़ा हुआ है। काम कुछ वार्डो में पूरा हुआ, मगर पेयजल समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पाई है। भिलाई तीन स्थित विश्व बैंक कालोनी, इंदिरा पारा, शांति नगर, नेहरू नगर, गांधी नगर, आजाद चौक, देवबलौदा समेत चरोदा शहरी क्षेत्र के कुछ वार्डों में पानी की परेशानी हमेशा हुआ करती है। निजी व सार्वजनिक नलों की धार या तो पूरी सूख चुकी है। वहीं गर्मी की दस्तक के साथ ही भू-जल स्तर भी नीचे चला गया है। वहीं जनता अपनी प्यास बुझाने को लेकर हर रोज सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है।

**पेयजल समस्या है**



“ टंकी का निर्माण होना था । इसे रेलवे विभाग ने रोक दिया है। वार्ड के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के समय पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अभी भी पानी की समस्या बनी हुई है।

**भारती सूर्यवंशी,** पार्षद, भिलाई-चरोदा निगम देवबलौदा वार्ड 31

# 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में ग्राम अंडा केंद्र क्रमांक 03 और ग्राम जंजगिरी के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चार माह से सात माह की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। इसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और प्रसवपूर्व देखभाल के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं, छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का खीर से अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद माताओं को बताया गया कि 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराना चाहिए और उसके बाद धीरे-धीरे ऊपरी आहार शुरू करना चाहिए। उन्हें ऊपरी आहार के पोषणीय महत्व, सुरक्षित भोजन बनाने के तरीके और बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

**जीवन के पहले 1000 दिन होते हैं अत्यंत महत्वपूर्ण**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेक्टर सुपरवाइजर रेखा लोनारे ने महिलाओं को जीवन के पहले एक हजार दिनों के महत्व पर विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह समय शिशु के सम्पूर्ण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान सही पोषण और देखभाल से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता दीपिका चौहान, उषा साहू, गिरिजा जोशी, त्रिवेणी चंद्रवंशी, मिनाक्षी सिन्हा, पिंकू चौहान, ज्योति यादव मनीषा सेन, ग्राम जंजगिरी से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ढालेशवारी देशमुख, युगेश्वरी साहू, जानकी हिरवानी,वंदना, सरिता, हेमलता, ग्रामीण जन लुमेश्वरी साहू,नमेश्वरी, उर्वशी,मानसी, दीपिका,टीकेशवरी,मोना, हेमा आदि उपस्थित थे।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने किया

# तीन साल पहले इंजीनियरिंग छात्र की मौत के मामले में हत्या का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन साल पहले हुए इंजीनियरिंग छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

■ **अज्ञात के खिलाफ हुई कार्रवाई, पिता ने लगाया था परिवाद**

स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि स्मृति नगर निवासी अनुराग साहू शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज का छात्र था। 1 जनवरी 2022 को उसके दोस्त के ग्रीनवैली जुनवानी में स्थित फ्लैट 35, डी-2, ब्लाक के पाँचवे मंजिल में संदिग्ध परिस्थितियों मौत हुई थी। पीएम रिपोर्ट में अनुराग के शव में गले, पेट के कुछ हिस्से, पेट के दाहिने हिस्सा दोनों कंधों के सामने हिस्से में खून का जमना और सिर में गंभीर चोट, फ्रेक्चर होना अंकित किया था। बावजूद पुलिस ने सामान्य मामला बनाकर फाइल बंद कर दिया था। लेकिन परेशान पिता राजनांदगांव निवासी विरेन्द्र कुमार साहू ने अनुराग के मौत को लेकर न्यायालय दुर्ग में परिवाद पेश किया। इस दौरान न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता पटेल प्रथम श्रेणी दुर्ग ने परिवाद स्वीकार किया। पिता ने परिवाद में जिला बालोद निवासी कुमारी आभा चौधरी , साकेत चौधरी , ईश्वर कुमार साहू , पवन कुमार साहू, पुलिस हाउसिंग बोर्ड मकान नं.- सी0/6, राजनांदगांव दुर्गेश कोरोनिक, प्रीति नगर वार्ड 3 बागबाहरा जिला महासमुंद समीर मुजारे, ग्राम बुडेना, पो0-नवागढ़ जिला-जांजगीर चांपा अविनाश रत्नाकर को संदिग्ध माना है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम किया गया है। संदिग्धो दोस्तों से पुलिस पूछताछ करेगी। उसके पिता ने सात लोगों को संदिग्ध माना है। जांच करने के बाद ही अनुराग की हत्या किसने किया है। वह पता चल पाएगा। अभी फिलहाल अज्ञात पर कार्रवाई की गई है। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# कलेक्टर ने किया सुशासन तिहार शिविर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा कार्यालय में गुरूवार को जिलाधीश दुर्ग अभिजीत सिंह दौरा में पहुंचे। कलेक्टर ने निगम कार्यालय में चल रहे सुशासन तिहार शिविर का अवलोकन कर कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी ली और आवेदकों से बातचीत भी किया। इसके बाद जिलाधीश ने निगम आयुक्त डी एस राजपूत एवं उनकी की टीम के साथ प्रधानमंत्री आवास ए.एच.पी. विठ्ठल पुरम, उमदा ,बिजली नगर भिलाई तीन के राजीव पारा स्लम का भी निरीक्षण किया।

■ **ट्रांसपोर्ट नगर फेस 2 भी पहुंचे**

कलेक्टर दुर्ग ने ट्रांसपोर्ट नगर फेस-2 भी पहुंचे थे। जहां निगम के अधिकारी को जिलाधीश द्वारा आगामी कार्य योजना के लिए निर्देश दिया। मौके पर भिलाई तीन एसडीएम. महेश सिंह राजपूत, निगम आयुक्त डीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी मौजूद थे।

# सचिवों ने हनुमान चालीसा पाठ कर सरकार की सद्बुद्धि के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के सचिव, संघ के प्रांतीय आह्वान पर 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 27 वें दिन ब्लॉक मुख्यालय में सचिवों ने धरनास्थल पर ही पंडाल में हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान सचिवों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस बीच 62 साल शासन की सेवा कर 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव पवन कुमार सोनी को पंचायत सचिव संघ द्वारा 50000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। पंचायत सचिवों ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर श्री सोनी को शासन द्वारा किसी भी प्रकार से शासकीय सुविधा पेंशन का लाभ नहीं दिया गया, जिसके कारण अपनी सेवा समाप्ति के बाद उन्हें खाली हाथ घर जाना पड़ा। हड़ताल पंडाल में 120 ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

————————-





**शुरू की गई क्रमिक भूख हड़ताल-** सचिव संघ के अध्यक्ष चूनू राम सिन्हा ने बताया कि आंदोलन को उग्र बनाने के लिए क्रमिक भूख हड़ताल प्रारंभ की गई है। शनिवार को क्रमिक भूख हड़ताल में गोविंद साहू, विष्णु सिन्हा, नंदकुमार ठाकुर, करुणा देवांगन, जया मानिकपुरी शामिल हुए। वहीं, धरना प्रदर्शन स्थल पर पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष चुनू राम सिन्हा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंजीर, राजेश्वरी पटेल, सचिव मेमन सिंह अटल, देवलाल मालेकर, जागेश्वर साहू, महेंद्र कुमार, शिवकुमार साहू, डोमार सिंह पटेल, द्वारका चौधरी सहित 120 पंचायतों के समस्त सचिव धरना प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित रहे।

बकाया राशि को लेकर लंबे समय श्रमिकों में था असंतोष

# सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट गेट के सामने श्रमिकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई रिफ्रैक्टरी यूनिट के ठेका श्रमिकों को ठेका समाप्ति के बाद उनके फाइनल पेमेंट, बोनस और अन्य बकाया राशि नहीं मिलने के विरोध में श्रमिकों रिफेक्ट्री गेट के सामने प्रदर्शन किया। प्रबंधन से लंबित राशि भुगतान किए जाने की मांग की गई। नहीं किए जाने पर कड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। सेल रिस्पेक्टिवली वर्कर्स यूनियन द्वारा अध्यक्ष उज्वल दत्ता के नेतृत्व में यूनिट के मुख्य गेट के सामने ठेका मजदूरों ने प्रदर्शन किया। श्रमिकों में इस बात का आक्रोश था क्योंकि लंबे समय से उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन ने तत्काल यूनियन प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। यूनियन अध्यक्ष दत्ता, महासचिव युवराज डेहरिया, बीएसपी वर्कर्स



यूनियन के नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे। चर्चा बाद प्रबंधन ने भुगतान कराने की सहमति दी। श्रमिकों की बकाया राशि का भुगतान करवा दिया । मात्र 80 श्रमिकों, जिनके ठेकेदार से संपर्क नहीं हो सका का भुगतान 10 दिनों के भीतर करने का आश्वासन दिया गया। आश्वासन बाद श्रमिकों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।

**एकजुटता फल मिला**

आश्वासन बाद यूनियन अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने कहा कि, यह श्रमिकों की एकता और दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि प्रबंधन को वार्ता के लिए बाध्य होना पड़ा। भविष्य में भी श्रमिकों को इसी तरह एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी।महासचिव श्री युवराज डेहरिया ने कहा, \/"अब से कोई भी ठेकेदार श्रमिकों को उनका मेहनताना देने से नहीं बच सकता। यूनियन हर परिस्थिति में श्रमिकों के हक की रक्षा करेगी और किसी भी प्रकार के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगी। सभा को बीएसपी वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ श्रमिक नेता दिलेश्वर राव एवं डीएसपी वर्कर्स यूनियन युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में युवराज डहरिया , दिलीप साहू , लोकेश निषाद , अल्केश्वर राव , प्रवीण साहू ,मनुराज , राकेश कुमार , हिमांशु देशलहरे, मुकेश ठाकुर , भागीरथी देशमुख , मधु वर्मा, उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी करते तीन युवक पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तीन अज्ञात युवक पावर हाउस होण्डा शोरूम के पास सड़क किनारे सफेद थैला में गांजा रख खडे थे। छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और सर्विस रोड पावर हाउस भिलाई से तीन युवको को प्लास्टिक थैला के साथ पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम ग्राम चंद्रपुर थाना बेलपडा, पंचायत सुलेकेला जिला बलांगीर ओडिस निवासी रूद्र किशोर बिशी उर्फ गोलु, धोबपारा थाना कांटाभांजी जिला बलांगीर उडिसा बशिष्ठ महानंद , 6 सडक नं 30 म नं 07 ब्लाक नं जेपीएस सेक्टर 6 मुकेश तांडी बताया है। आरोपी रूद्र किशोर से 2.064 किग्रा गांजा, बशिष्ठ 2.024 किग्रा, मुकेश 2.052 किग्रा गांजा जब्त किया गया। आरोपियों से कुल 6.140 किग्रा गांजा बरामद किया है। कार्रवाई में छावनी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर, उनि वरूण देवता, प्रधान आर. उमेश गंगराले, आरक्षक नितिन सिंह राजपूत, त्रिलोकनाथ भाठी, पंकज राय की भूमिका अहम रही है।

### कार ने ऑटो को टक्कर मारी, महिला सफाई कर्मी घायल

**दुर्ग।** तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में आठ सफाई कर्मी महिलाएं और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल दुर्ग में उपचार के लिए भेजा है। घायलों में चार की हालत गंभीर होना बताया जा रहा है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की सुबह चंदखुरी और कोल्हियापुरी क्षेत्र से निगम के सफाई कर्मी हर दिन की तरह सुबह काम पर निकले थे। महिलाएं ऑटो पकड़कर सुबह 6 बजे निकले।

पेज 11 का शेष...

### लिफ्ट देने के बहाने...

दौरान दल्लीराजहरा की ओर से दो व्यक्ति दो पहिया वाहन से आ रहे थे। उन्होंने प्रोफेसर को लिफ्ट देने के बहाने अपने साथ बैठा लिया और कुसुमकसा की ओर जाने लगे। इस बीच माहला पेट्रोल पंप से 200 मीटर पहले अरमुकसा के पास अपनी गाड़ी रोक दी और प्रार्थी को चाकू दिखाकर खेत की ओर ले गए। प्रार्थी का आरोप है कि मोबाईल को निकालकर पासवर्ड खोलने की धमकी दी। पासवर्ड नहीं बताने पर प्रार्थी के हाथ व पीठ में चाकू से खरोचा और सिर पर पत्थर से मारने लगे। इससे डर के कारण उन्होंने मोबाईल का पासवर्ड खोला दिया। उसके बाद आरोपियों ने फोन पे से किसी मोबाईल नंबर पर 1500 रूपये ट्रांजेक्शन करवाया। इसके साथ ही प्रार्थी के बैग से लगभग 20,000 रूपये और मोबाईल लूट कर फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 309 (6) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।

## खबर संक्षेप

### पत्नी का बयान बदलवाने डाला जा रहा दबाव

**भिलाई।** चाय बनाते समय पल्लू जलने से आग की चपेट में आने वाली महिला नीतू के पति शास्त्री चौक भिलाई वार्ड 19 कैम्प निवासी संतोष साव ने पुलिस में शिकायत किया है कि पत्नी से बयान बदलने के लिये ससुराल वाले दबाव डाल रहे है। बेटा पवन साव को ससुराल वाले छीनकर ले गए है। बेटा को लेकर जाने से पत्नी की हालत पहले से अधिक खराब हो गई है। संतोष का आरोप है कि अशोक साव, ईश्वर, पप्पू ,नीरव,पूजा सोनी, प्रीति, आंकाशवा देवी, अनिता देवी समेत अन्य लोगों ने आकर मां के साथ जबरन मारपीट किया। ससुराल वाले जबरन बयान बदलने का दबाव बना रहें है। गौरतलब हो कि 3 अप्रैल को नीतु घर पर चाय बना रही थी अचानक पल्लू में आग लगने से बुरी तरह जल गई। जिसे उपचार के लिए दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी गंभीरता को देख चिकित्सकों ने उसे रायपुर अस्पताल भेज दिया। जहां उपचार जारी है।

### मकानों से नकदी और जेवरात पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो अलग-अलग मकानों का ताला टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी चंद्र नगर उमरपोटी निवासी धनराज मेश्राम मकान में ताला जड़कर परिवार समेत राजनांदगांव शादी में गए हुए थे। देर रात घर लौटने पर देखा मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अलमारी में रखा हुआ सोना चांदी के जेवरात नगद रकम गायब मिला। कुल 30 हजार का सामान पार हुआ है। सुशील पाठक के घर में भी चोरी हुई है। जिनसे पुछने पर बताया कि परिवार को साथ में गरियाबंद गए थे। पडोसी संजय गायकवाड ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टुटा हुआ है। सुशील पाठक के मकान से 80 हजार की चोरी हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरा को खंगालने जुटी हुई है।

### मानसिक रोगी की हत्या, चार गिरफ्तार

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत बीआरपी चौक में ओवरब्रिज के नीचे खड़े होकर चार लोगों ने मानसिक रोगी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने तीन युवक समेत 1 अपचार बालक को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने बताया कि शकील अहमद खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई जमील अहमद जो कि दिमागी रूप से कमजोर था। 7 अप्रैल को शाम करीबन 5.30 बजे बीआरपी चौक ओव्हर ब्रीज के नीचे खड़ा होकर बड़बड़ा रहा था तो गुलशन, दुष्यंत, राजू साहू उर्फ करियां राजू एवं अपचारी बालक ने गाली देते हो कहकर सभी एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली देकर सभी मिलकर हाथ मुक्का, डंडा, बेल्ट व पंच से मारपीट की। जिससे सिर, नाक,सीने व शरीर में विभिन्न जगह गंभीर चोटें आई थी। इस पर 296, 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घायल जमील अहमद की उपचार दौरान डीके अस्पताल रायपुर में मृत्यु हो गई।

**न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला - देवरी जिला बालोद छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता / ग्रामवासी ग्राम अछोली प.ह.न. 15 तहसील मार्रीबंगला देवरी जिला बालोद को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भेणु कुमारी पति स्व. सुभाष कुमार भंडारी जाति हल्बा निवासी अछोली प.ह.नं. 15 तहसील मार्रीबंगला- देवरी द्वारा अपनी पति सुभाष कुमार भंडारी आ. दिलीप कुमार भंडारी, स्टेनो टायपिस्ट के पद पर तहसील कार्यालय मार्रीबंगला-देवरी में कार्यरत था जिनका निधन दिनांक 27.02.2024 को होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति बाबत वारिसान प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र कलेक्टर बालोद के माध्यम जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव सुभाष कुमार भंडारी आ. दिलीप कुमार भंडारी के मृत्यु होने के कारण आवेदिका को वारिसान प्रमाण पत्र दिये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वे सुनवाई दिनांक 23.04.2025 तक मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायलयीन पद मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मार्री बंगला देवरी

# बच्चे जेब खर्च की राशि बचाकर करते हैं मंदिर की गतिविधियों का संचालन

## बालोद के संजय नगर में बाल समूह द्वारा किए जाते हैं विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय के संजय नगर में बाल समूह द्वारा अपने जेब खर्च के पैसों से कुछ बचत कर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ से लेकर साफ-सफाई व धार्मिक अवसरों पर प्रसादी वितरण का आयोजन बच्चों द्वारा ही किया जाता है। वहीं, इन बाल समूह के मार्गदर्शन तथा इनके प्रोत्साहन के लिए इनके परिजनों व मोहल्लावासियों का भी भरपूर सहयोग मिलता है। जिले में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई जगह भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी।

■ भगवान हनुमान मंदिर में साफ-सफाई, रंग-रोगन करते हैं बच्चे

### किफायत से करते हैं जेब खर्च की राशि का उपयोग

बाल समिति के हर्ष, थानेश, श्रेयस, टिकेश, लल्ला, भुनेश, सिद्धू, कान्हा, छोटू ने बताया कि घरों में परिजनों से समय-समय पर प्राप्त होने वाले जेब खर्च के पैसों को वे सीमित मात्रा में ही खर्च कर पैसा बचाने का प्रयास करते हैं। उन बचे हुए पैसों को वे समिति में जमा करते हैं। उन्हीं जमा पैसों का मंदिर के रंग रोगन से लेकर विभिन्न धार्मिक आयोजनों में प्रसादी वितरण के लिए उपयोग में लाते हैं।



### समिति के पास है स्वयं का ध्वनि विस्तारक यंत्र



बता दें कि इस बाल समिति के पास स्वयं का ध्वनि विस्तारक यंत्र भी है, जिसमें वे धार्मिक आयोजनों के अवसर पर गाना बजाने व अन्य कार्यक्रमों में करते हैं। बच्चों ने बताया कि हमारी बाल समिति को हमारे परिजनों के साथ ही व मोहल्लावासियों का भी भरपूर सहयोग व आशीर्वाद मिलता है।

वहीं, जिला मुख्यालय के संजय नगर में बाल सेवा समिति के नाम से पहचाने जाने वाले संजय नगर के छोटे बच्चों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर चौक में स्थित हनुमान मंदिर की साफ सफाई करने के साथ मंदिर की पुताई भी की गई। जहां हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही बच्चे पूजा पाठ व अन्य कार्यों में लगे रहे। दोपहर में विधि-विधान से पूजा की गई, जिसके बाद बच्चों ने मंदिर के पास भंडारे का आयोजन भी किया। भंडारे में खीर-पूड़ी, शरबत व फल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों का उनके परिजनों व मोहल्लावासियों ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## समस्या : ग्राम सिकोसा में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण नहीं होने से पंचायत को हो रही परेशानी

# जलस्तर गिरने से जवाब देने लगे हैंडपंप और ट्यूबवेल, पानी की व्यवस्था में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम सिकोसा में जल जीवन मिशन का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पंचायत के ट्यूबवेल का भूजल स्तर गिरने लगा है, जिससे गहराते पेयजल स्थिति को देखते हुए पंचायत ने निजी ट्यूबवेलों से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की है। अब टैंकर के माध्यम से भी पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत द्वारा वार्डों में प्लास्टिक टंकी लगाकर उनमें निजी ट्यूबवेलों से पानी भरकर भी व्यवस्था की जा रही है। अब पंचायत पानी बचत करने, आवश्यकतानुसार ही पानी कम खर्च करने की अपील ग्रामीणों से कर रही है।

■ पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**बाहर से आने वालों को भी हो रही परेशानी-** आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा की वर्तमान आबादी लगभग 6500 के आस पास है। 15 दिनों से सिकोसा में पीने की पानी की समस्या बनी हुई है। जिसे देखते हुए ग्राम पंचायत सिकोसा के द्वारा पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई है। समस्याग्रस्त वार्डों में टैंकर से पानी दिया जा रहा है। कई वार्डों में हैंडपम्प की मरम्मत करा कर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। कई वार्डों में निजी बोर से पाइप लगाकर पानी टँकी के माध्यम से सप्लाई की जा रही है। बड़ी अबादी होने व क्षेत्र का बड़ा बाजार क्षेत्र होने के कारण बाजार क्षेत्र में अन्य ग्रामों से आने वाले ग्रामीणों को भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत लगातार पानी की व्यवस्था करने का प्रयास कर रही है।



**पानी की बचत और आश्यकतानुसार ही उपयोग की अपील**

ग्राम पंचायत सिकोसा के सरपंच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले व समस्त पंचगण ने समस्या को देखते हुए सभी ग्रामीणजन से अपील की कि आप सभी पानी की कीमत पहचानिए। पानी की बचत करो, अपने अपने घरों में सोखता गड्ढा का निर्माण अवश्य करवाएं, ताकि आने वाले समय में जलस्तर बना रहे।

# नित्य सत्संग करें, विचारों में सकारात्मक आएगा बदलाव



## ग्राम सनौद में शुरू हुआ सात दिवसीय राजयोग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

ब्रम्हाकुमारीज शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही द्वारा ग्राम सनौद में समस्त ग्रामवासियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए स्वस्थ खुशनुमा जीवन जीने की कला सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, सरपंच हीलेश्वर पटेल, ग्रामीण भूत पूर्व सचिव सुनील साहू, लाल साहू, विश्वनाथ पटेल, विजयपाल निषाद एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले रहे हैं।

■ ब्रम्हाकुमारीज शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही द्वारा किया जा रहा है आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्म कुमारी रेणुका बहन ने आत्मा की शक्तियों का वर्णन करते हुए कहा की आत्मा मन, बुद्धि और संस्कार से बनी हैं यह आत्मा की पावर है जब आत्मा इच्छा करती है, सोचती है तो वह मन है और जब आत्मा किसी बात का निर्णय लेती है तो उसे बुद्धि कहते हैं और जब आत्मा पर कर्मों की छाप पड़ती है, अब उसे अध्यात्मिक भाषा में संस्कार कहा जाता है जहां राजयोग के द्वारा मन बुद्धि और संस्कार को ज्ञान के द्वारा सही दिशा देने पर ही सुख शांति आनंद की अनुभूति कर सकते हैं। इसके लिए नित्य सत्संग करें अर्थात प्रतिदिन सत्य का संग करें, जिससे विचारों में बदलाव आएगा और जहां संकल्प में बदलाव आता हो तो कहा जाता है जैसा सोच होगा वैसा संसार होगा साथ ही जानवी पाल एवं निधि के द्वारा अध्यात्मिक नित्य की प्रस्तुति की गई।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं : पांडे

## शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में एआई को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में शिक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन पीजीडीसीए एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

संस्था प्रमुख डॉ सोमाली गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. सोमाली गुप्ता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन में पूरी तरह जुड़ चुका है, व्यक्ति इसके माध्यम से कार्य क्षमता को बढ़ा सकता है, हम आवश्यकता अनुसार इसका उपयोग कर सकते हैं। ज्ञान विज्ञान के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सम्मेलन के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली दुर्ग डॉ.अनुपमा ने शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मनुष्य की सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ सुधांशु बाघ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधारभूत संरचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मशीन लर्निंग के अंतर्गत आता है, वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी होना आवश्यक है, देश के विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महती भूमिका होगी।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अपर संचालक दुर्ग संभाग उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन डॉ. राजेश पांडे ने कहा कि आर्यभट्ट ने शून्य की खोज की, जिसकी मदद से आगे चलकर कंप्यूटर की खोज हुई, इंटरनेट की खोज से कंप्यूटर की उपयोगिता पता चली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से आने वाले समय में भारत विश्व का प्रतिनिधित्व करेगा। जीपीटी 4 ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन के लिए शिक्षा अनिवार्य है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं।



### एआई का आवश्यकता अनुसार सही उपयोग करें : डॉ सिंह

सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ इशांत साहू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इमेज जेनरेशन क्या है विषय पर विस्तार से चर्चा किया। राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय सिंह प्राचार्य विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन की कल्पना को साकार रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आवश्यकता अनुसार सही उपयोग करना चाहिए। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, गोवा, बेंगलुरु, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के विद्याथऍं एवं प्राध्यापक गण सम्मिलित हुए। सम्मेलन का संचालन आईक्यूएसी. प्रभारी डॉ. अरुणा साहू एवं डॉ. दीपिका भौतिक विभाग ने किया। ब्लैंडेड मोड पर आधारित इस सम्मेलन में शामिल सभी लोगों का डॉ समीर दशपुत्र पीजीडीसीए प्रभारी ने आभार व्यक्त किया।

# अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार सही समय पर उचित निर्णय लें : डॉ बोस

## शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में हुई कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही



शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया।

सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र डॉ. आशीष कुमार भुई ने अपने व्यावसायिक जीवन का अनुभव साझा किया। इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ. अभिषेक कुमार पटेल ने कहा कि हनुमान को भी अपनी शक्ति का अंदाजा नहीं था, तब जामवंत जी ने उन्हें उनकी शक्ति से अवगत कराया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चन्दना बोस ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता को देखते हुए सही समय पर उचित निर्णय लेकर जीवन को सफल बनाने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन शिखा श्रीवास्तव और हितेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण ऋतु सोरी, डॉ. तृप्ति राजपूत, डॉ. खुशबू ठाकुर, डॉ. रम्भा रत्नाकर, दिव्या साहू, डॉली ठाकुर, दीपांशु राठौर, यामिनी साहू तथा डॉ. आनंद कुमार ने रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मोना गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया।

## बजरंग दल व विहिप ने निकाली बाइक रैली

**गुरूर।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद् एवं स्थानीय युवाओं की टीम ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली के पूर्व बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बाइक रैली नगर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के बाद ग्राम कोलिहामार, बोहारडीह, कुलिया, कनेरी, कुम्हारखान होते हुए ग्राम पुरूर पहुंची। वहीं से रैली वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई।



# ग्राम जेवरतला में भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा मंडल सनौद शक्ति केंद्र मोहारा के अंतर्गत ग्राम जेवरतला में शीतला मंदिर एवं तालाब पार के सामने स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ गंजीर ने बताया कि यह कार्यक्रम 6 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है और 14 अप्रैल तक चलेगी। जिसमें भाजपा नेता गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या को सुनेंगे, मेरा अनुरोध है कि आप अपने-अपने घरों के पास सड़क को साफ सफाई रखें, ताकि आपके गांव स्वच्छ रहे। डॉ गंजीर ने भाजपा पार्टी के इतिहास के बारे में बताया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियां बताईं। इस अवसर पर भाजपा शक्ति केंद्र के सहसंयोजक नीलकंठ कुबेर, सरपंच लिलेश्वरी साहू, उप सरपंच डोमेन्द्र कुमार साहू, बीजेपी बूथ अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, किरण साहू, दीपक अग्रवाल, धर्मेंद्र साहू, अश्वनी साहू एवं पार्टी के समस्त कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत जेवरतला के समस्त पंच उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आयोजन : भगवान श्री राम व हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा अंचल

# श्री राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर हुई विशेष पूजा, जगह-जगह भंडारा सहित हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया। बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर जामगांव आर में यजमान मुरलीधर सुनीता राठी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रारंभ में हवन पूजन ध्वजारोहण के बाद भंडारा में भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जन्मोत्सव की रात्रि में राहुल झाबक की सुमधुर आवाज ने भक्ति संगीत का ऐसा समां बांधा कि भक्तों की टोली झूम उठी। पृथ्वीराज लालचंद राधेश्याम शांतिलाल राठी परिवार ने भक्तों की आवभगत की।

■ अनेक स्थानों पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

मुख्य यजमान मुरलीधर राठी ने कहा कि भक्त जब पूर्ण श्रद्धा के साथ हनुमान जी के शरण में नतमस्तक होते है तब कृपा बरसती है और भक्त आनंदित हो उठता है। हनुमान जयंती का पावन अवसर हनुमान जी का वार शनिवार होने से भक्तों का भाव स्वाभाविक तौर पर सुकून भरा हो गया।

माहेश्वरी समाज प्रादेशिक पदाधिकारी सौरभ राठी ने कहा कि भारत की संस्कृति हमें संस्कार से ओतप्रोत करती है। अपने आराध्य के प्रति भाव कृतज्ञता का रखने की संस्कार सिखाती है। सुकून भरा जीवन के लिए संस्कार सर्वोपरि है।

### विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड, अखंड रामायण, हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन







### खपरी चुलगहन में हुआ रामायण पाठ

**जामगांव आर।** जय बजरंग मानस मंडली खपरी, चुलगहन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने पहुंचकर हनुमान जी महाराज के दर्शन किए और आयोजकों एवं ग्रामवासियों से भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर सरपंच मनोज कुमार पटेल, उपसरपंच पार्वती सरजू पटेल, अरविंद साहू, बेनीराम साहू, संतोष निषाद, प्रेमलाल साहू, बसंत साहू, लखन सूर्यवंशी, राजेश पटेल, कुसुमलता पटेल पंच, हेमलता पटेल, जमुना पटेल, शकुन्तला निषाद, दामनी पटेल, अभिषेक सेन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंबेडकर चौक में धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंबेडकर चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में भगवान श्री हनुमान की पूजा के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश यादव सहित ग्राम कोलिहामार के युवाओं, बालिकाओं व ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## रेलवे फाटक के पास हनुमान मंदिर में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बालोद रेलवे फाटक हनुमान मंदिर में सुबह पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद हवन कर आहुति दी गई। उसके बाद आयोजन स्थल पर श्री राम भजन का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में सांवरिया मानस परिवार मंडली सोहपुर द्वारा रामायण की संगीतमय भजन के माध्यम से प्रस्तुति भी दी गई। जहां भक्त संगीतमय माहौल में झूमते नजर आए। इस बीच यहां विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या लोगों ने महाप्रसादी के रुप में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और उपाध्यक्ष कमलेश सोनी विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रमेश यादव, मनोज राजपूत, नेम सिंह साहू, शिव साहू, सुरेश ठाकुर, सूरज यादव सहित रैक पॉइंट बालोद के समस्त हमाल साथियों सहित आसपास के लोगों का विशेष योगदान रहा।





## चिलमगोटा में मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम चिलमगोटा में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव समस्त ग्रामवासी द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर खीर पूड़ी नारियल एवं भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांति सोनबरसा जनपद अध्यक्ष, अध्यक्षता नरेंद्र मंडावी सरपंच, विशेष अतिथि राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, निरंजन पड़ोती अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, उत्तरा घरेंन्द भाजपा मंडल अध्यक्ष रेंगाडबरी, जयेश जैन, हेम कुमार रावटे, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, तोरण लाल कृषाने ग्राम पटेल एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव की खुशी में रामायण का कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही साथ चिलमगोटा को गौरवान्वित करने वाले वीर सपूत अग्नि वीर राहुल कुमार इस्दा का मुख्य अतिथि एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप



### वृंदावन चीचा में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ सामूहिक सुंदरकांड पाठ

**अंडा।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव ग्राम वृंदावन चीचा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया जिससे गांव का वातावरण पूरा भक्तिमय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख थे, वहीं पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद नरेश यदु, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कमलेश्वर साहू, मुकेश विश्वकर्मा, नारायण साहू, देवेन्द्र साहू, हुकुम साहू, किशोर गौतम, खेमराज सिन्हा, रामेश्वर साहू, मोहन साहू, उमेश कुमार सिन्हा सहित ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

### नवागांव में हनुमान जी को चोला चढ़ाकर लगाया भोग



**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम नवागांव में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। युवाओं ने हनुमान जी का सिंदूरी कर चोले से सिंगार कर हलवा का भोग लगाया व आने जाने वालों को प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान दुष्यंत कुमार साहू, अभिषेक सेन, भोजकुमार कोर्राम, उमेश साहू, वासु मंडल, जीतू साहू, दानेश्वर साहू, भिषम यादव, मोहन यादव, हरीश कोशरे, लक्की साहू, सूर्या, साहिल, कान्हा, यशवंत ठाकुर, जय साहू ने पूजा अर्चना की।

### अतुल ने केंद्रीय खान मंत्री रेड्डी से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत ने शुक्रवार को सुबह रायपुर पहुंच केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री भारत सरकार किशन रेड्डी से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया व कुशलक्षेम जाना। इसके साथ ही मंत्री से कई सामाजिक धार्मिक विषयों पर चर्चा की ।

## आंबा कार्यकर्ता ने कुपोषित बच्चे के घर जाकर माता व परिजनों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी में पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता दिनेश्वरी दिल्लीवार ने गर्भवती महिला के घर गृह भेंट के दौरान गर्भावस्था के 9 माह तथा बच्चे के जन्म के 2 साल तक खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे महिला एनीमिक नहीं होगी। उन्होंने मीठा पत्ती, मूंग व चना का अंकुरित अनाज प्रतिदिन खाने की सलाह दी। अछोटी क्रमांक 01 की कार्यकर्ता आशालता दिल्लीवार ने धात्री महिला के 5 माह के बच्चे को ऊपरी आहार के बारे में जानकारी दी। इसी तरह रेडी टू ईट 1पैकेट 6 हिस्सा में बांटकर खिलाने की सलाह दी। पोषण पखवाड़ा में कुपोषित बच्चे के घर गृह भेंट की। इसी तरह दवाई को नियमित खिलाने, रेडी टू ईट के व्यंजन बनाने की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया रामटेके द्वारा दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिनेशवरी दिल्लीवार, आशालता, माया रामटेके गर्भवती महिला कामिनी यादव, कृष्णा यादव, समारिन यादव, लीला यादव उपस्थित, गुलाब एवं अन्य धात्री माताएं और पालक उपस्थित रहे।





## पंचायत सचिवों ने हनुमान जी से सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की



**गुरूर।** हड़ताली पंचायत सचिवों ने शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हड़ताल स्थल पर बजरंग बली की विशेष पूजा कर सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की।

### आंध्रप्रदेश गए परिवार के मकान में चोरी

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने लाखों रुपए का सोने चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
किडनी फेलयर (ARF/CRF)
डायलिसीस
बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
हाई बीपी (HIGH BP)
PCNL
AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्ते लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।